## संपादकीय

# जटिल समस्या, कठिन समाधान

लेकिन समाधान क्या है? आखिर आधुनिक विकास और इससे मिलने वाली सुविधाओं का उपभोग हर जगह और हर वर्ग की आबादी की चाहत है। इसलिए समस्या पर उसकी पूरी जटिलता में जाकर विचार करना होगा।

उत्तराखंड में जोशीमठ के बाद खबर है कि कर्णप्रयाग में भी कई मकानों में दरार आ गई है। जोशीमठ में उन इमारतों को गिरा देने का फैसला किया जा चुका है, जिनमें दरारें आ गई हैं। हिमालय में बसे इस कस्बे से दर्जनों परिवारों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। लेकिन यह सिर्फ अस्थायी समाधान है। किसी को अचानक अपने घर से वंचित हो जाने की भरपाई संभव नहीं है। कुल सूरत यह है कि यह समस्या कहीं अधिक गंभीर और व्यापक है। विशेषज्ञों ने कहा है कि जोशीमठ की ढलानें भूस्खलन से निकले मलबे से बनी हैं। लिहाजा कस्बा एक हद तक ही इमारतों का वजन सहन कर सकता है। पिछले साल मई में ही एक घर के नीचे से पानी बहने की आवाज सुनी गई थी। सितंबर में घर के फर्श में छोटी सी दरार देखी। दिसंबर में यह चौड़ी हो गई और बाशिंदों घर खाली करना पड़ा। यही कहानी सैकड़ों और घरों की भी है। पिछले कुछ समय से इन मकानों में दरारें आनी शुरू हो गईं। करीब 700 घरों में दरारें पाई गईं, जिसके बाद 400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

प्रशासन के मुताबिक कई इमारतों को रहने के लिए असुरक्षित पाया गया है। आम चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया है कि यह स्थिति विकास परियोजनाओं के कारण इकॉलॉजी को पहुंचे नुकसान का परिणाम है। जिन कंपनियों की परियोजनाएं इस इलाके में सक्रिय हैं, उनमें सरकारी थर्मल पावर कंपनी एनटीपीसी भी शामिल है। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी का कहना है कि उसके द्वारा बनाई जा रहीं सुरंगें और अन्य प्रॉजेक्ट जोशीमठ के संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। इसके बावजूद पर्यावरणवादी कार्यकर्ता ऐसी परियोजनाओं को खलनायक के रूप में पेश कर रहे हैं। लेकिन समाधान क्या है? आखिर आधुनिक विकास और इससे मिलने वाली सुविधाओं का उपभोग हर जगह और हर वर्ग की आबादी की चाहत है। इसलिए समस्या पर उसकी पूरी जटिलता में जाकर विचार करना होगा। देखना होगा कि आखिर क्या एहतियाती उपाय हो सकते हैं, जिनसे परियोजनाएं अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित साबित हों।

# पुरूष हॉकी विश्व कप : स्पेन के बाद अब इंग्लैंड को हराने के इरादे से उतरेगा भारत



**राउरकेला।** स्पेन पर दबदबे भरी जीत से बेहतरीन तरीके से अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय टीम के सामने रविवार को यहां एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के दूसरे पूल मैच में इंग्लैंड की चुनौती होगी और वह इस कड़ी परीक्षा में खरा उतरने के लिये आत्मविश्वास से भरी होगी।

भारत ने नये बिरसा मुंडा स्टेडियम में पूल डी के शुरूआती मैच में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए स्पेन को 2-0 से हरा दिया लेकिन इंग्लैंड की टीम भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण होगी।

पहले दो क्वार्टर में भारत ने शानदार आक्रामक हॉकी खेली और स्थानीय खिलाड़ी अमित रोहिदास की मदद से पेनल्टी कॉर्नर में किये गोल से बढ़त बनायी और फिर हार्दिक सिंह की बदौलत इसे दोगुना किया।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह और उप कप्तान रोहिदास ने फिर बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाया जिससे मुख्य कोच ग्राहम रीड काफी प्रभावित दिखे।

हरमनप्रीत एंड कंपनी इंग्लैंड के खिलाफ एक और मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करना चाहेगी। इंग्लैंड ने वेल्स के खिलाफ जीत में सभी चार क्वार्टर में गोल किये हैं।

रीड ने कहा, पहला मैच जीतना अच्छा है। लेकिन डिफेंसिव प्रयास देखना सुखद था और हमने गेंद पर कब्जा बनाये रखा। बमुश्किल से कुछेक ही लोग थे जो अच्छा नहीं खेले। आपको विश्व कप में जीतने के लिये इसी चीज की जरूरत होती है। हम इसे अगले मैच में भी जारी रखेंगे।

अनुभवी पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक भी भारतीय गोल के आगे बेहतरीन थे लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर ओलिवर पेने ने भी वेल्स के खिलाफ काफी प्रयासों को विफल किया, विशेषकर अंतिम क्वार्टर में।

भारतीयों की एकमात्र कमजोरी पेनल्टी कॉर्नर थी क्योंकि स्पेन के खिलाफ पांच में से वे किसी एक को भी सीधे गोल में तब्दील नहीं कर सके।

हाल के वर्षों में लगभग प्रत्येक टूर्नामेंट में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और शीर्ष स्कोरर रहे हरमनप्रीत हालांकि पेनल्टी स्ट्रोक चूकने के अलावा पेनल्टी कॉर्नर से भी गेंद को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। उन्होंने इसे स्वीकार किया और वह इंग्लैंड के खिलाफ इस प्रदर्शन की भरपायी करना चाहेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारत को भारी पड़ सकता है।

# कोल माइन खोलने की अनुमति मिलने पर प्रदर्शन बैंक गारंटी में होगा पहला संशोधन



**नईदिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने बोलीदाताओं पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए यह तय किया है कि नीलाम की गई कोयला खदान को खोलने की अनुमति मिलने पर 'प्रदर्शन बैंक गारंटी' (पीबीजी) में पहला संशोधन किया जाएगा।

पीबीजी किसी बोलीकर्ता की तरफ से उधार देने वाले संगठन को दी जाने वाली एक तरह की गारंटी होती है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि निविदा दस्तावेज के प्रावधानों के अनुसार सफलतापूर्वक नीलाम की गई प्रत्येक कोयला खदान के लिए पेश किए जाने वाले पीबीजी को साल की शुरुआत में अप्रैल महीने के राष्ट्रीय कोयला सूचकांक (एनसीआई) के आधार पर संशोधित किया जाएगा।

वर्ष 2020 में कोयला खदान की वाणिज्यिक नीलामी शुरू होने के बाद से एनसीआई दोगुना हो गया है लिहाजा पीबीजी संशोधन प्रावधानों में छूट के लिए कोयला उद्योग से मंत्रालय को कई अनुरोध मिले थे।

मंत्रालय के इस कदम से कोयला खदानों के परिचालन के दौरान बोलीदाताओं पर वित्तीय बोझ कम होने की उम्मीद है और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों की बिक्री में बोली लगाने वालों की भागीदारी भी बढने की संभावना है।

# इंडियन बैंक ने डिजिटल पहल में कई सेवाओं को किया शामिल

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की पेशकश करने के साथ ही अपनी डिजिटल कायांतरण पहल 'प्रोजेक्ट वेव' के तहत दी जाने वाली सेवाओं का विस्तार किया है। बैंक ने एक बयान में कहा कि अब क्रिसान क्रेडिट कार्ड के तहत 1.60 लाख रुपये तक का कर्ज ऑनलाइन ही लिया जा सकता है। इसके अलावा चार लाख रुपये तक के कृषि-आभूषण कर्ज का भी नवीनीकरण ऑनलाइन किया जा सकता है। इसके साथ ही बैंक ने कहा कि उसने वाहन ऋण को ऑनलाइन माध्यम से मुहैया कराने के लिए मारुति सुजुकी के साथ करार किया है। इसके अलावा विदेश से धन भेजने के लिए ग्राहक उसके पोर्टल आईएनडी ट्रेड एनएक्सटी का इस्तेमाल कर सकते हैं। बैंक ने कहा कि विदेश से भेजी गई राशि सीधे ग्राहक के खाते में उसी दिन भेज दी जाएगी। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शांतिलाल जैन ने कहा कि बैंक की डिजिटल पहल के तहत लाई गई नई सेवाएं ग्राहकों को अधिकतम डिजिटल पहुंच देने के अभियान का हिस्सा हैं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका से भिड़ने के लिए सात मैचों के दौरे पर



**बेंगलुरू ।** भारतीय महिला हॉकी टीम 16 जनवरी से शुरू होने वाले सात मैचों के अभ्यास दौरे पर दक्षिण अफ्रीका जायेगी जिसमें दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ भी तीन मैच शामिल हैं।

सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका से केप टाउन में चार मैच खेलेगी। इसके बाद 23 जनवरी से तीन मुकाबलों में नीदरलैंड के सामने होगी।

सविता ने कहा, हम वार्षिक कैलेंडर में काफी अभ्यास मैच आयोजित कराने के लिये हॉकी इंडिया के आभारी हैं क्योंकि इस साल हम एशियाई खेलों के लिये अच्छी तैयारी करने और पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करने पर ध्यान लगा रहे हैं।

भारतीय कप्तान को लगता है कि इस दौरे से टीम को एशियाई खेलों से पहले अपने कमजोर पक्ष को जानने और इन पर काम करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ मैच से हमें अपने खेल के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी और साथ ही हम जिस विभाग में पिछड़ रहे हैं, उसे भी हम पता कर पायेंगे। बेंगलुरू में दो हफ्ते के शिविर के बाद हम इस दौर के लिये अच्छी तरह तैयार हैं।

सविता की अगुआई में टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था।

उन्होंने कहा, खिलाड़ी 2022 में हॉकी के लिये अच्छे साल के बाद आत्मविश्वास से भरी हैं और हम अच्छे प्रदर्शन से सत्र की शुरूआत करना चाहते हैं।

# महिला आईपीएल टीमों के लिए आठ आईपीएल फ्रैंचाइजियों ने दिखाई रूचि



**नईदिल्ली।** आईपीएल की 10 फ्रैंचाइजी में से आठ ने महिला आईपीएल के लिए रूचि दिखाई है। महिला आईपीएल टीमों का स्वामित्व पाने के लिए ये फ्रैंचाइजी बोली लगाने वालों की दौड़ में शामिल हैं। हालांकि इसमें से सिर्फ पांच को सफलता मिलेगी, जिसका ऐलान बीसीसीआई 25 जनवरी को करेगा।

इन टीमों में मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस जैसी फ्रैंचाइजी शामिल हैं। सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और लखनऊ सुपर जायंट्स की स्थिति का पता नहीं चल पाया है।

इन आठ आईपीएल टीमों के अलावा अन्य भी महिला आईपीएल टीम के लिए टेंडर खरीद सकते हैं, जो तीन जनवरी से बिकना शुरू हुआ था। महिला आईपीएल टीमों के लिए बीसीसीआई ने 10 शहरों की सूची जारी की है, जिसमें से पांच शहरों का चयन होगा। महिला आईपीएल टीमों की बोली के लिए कोई आधार मूल्य नहीं रखा गया है।

हालांकि वहीं कंपनियां या फर्म बोली लगा सकते हैं, जिनका 31 मार्च 2022 तक ऑडिट मूल्य कम से कम 1000 करोड़ हो। यह बोली 10 सालों (2023 से 2032) के लिए मान्य होगी। बोर्ड की सहायता करने वाली कानूनी फर्म आर्गस पार्टनर्स के साथ बीसीसीआई बोलियों का मूल्यांकन करेगा।

अपनी बोली जमा करने से पहले सभी बोलीदाताओं को 23 जनवरी तक पात्रता डॉक्यूमेंट भी अलग से जमा करने होंगे। जानकारी के आधार पर पहले तीन सीजन (2023-25) में 22-22 मैच होंगे। महिला आईपीएल के लीग चरण में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से दो-दो बार (कुल 20 मैच) खेलेगी और तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी।

# एचडीएफसी बैंक का मुनाफा तीसरी तिमाही में 18.5 प्रतिशत बढ़कर हुआ 12,260 करोड़




**नईदिल्ली।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 18.5 प्रतिशत बढक़र 12,259.5 करोड़ रुपये रहा।

बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,342.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकल आधार पर उसकी कुल आय बढक़र 51,207.61 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 40,651.60 करोड़ रुपये थी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) 30 दिसंबर, 2022 तक सकल अग्रिमों के मुकाबले 1.23 प्रतिशत पर स्थिर थी।

शुद्ध एनपीए 0.33 प्रतिशत रहा, जो दिसंबर 2021 के अंत में 0.37 प्रतिशत था। इसी तरह 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय प्रावधान और आकस्मिकताएं 2,806.4 करोड़ रुपये थीं।

एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 2,994 करोड़ रुपये था। बैंक ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 24.6 प्रतिशत बढक़र 22,987.8 करोड़ रुपये हो गई।

# वरुण धवन की भेड़िया इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दे सकती है दस्तक



25 नवंबर, 2022 को आई अभिनेता वरुण धवन और कृति सैनन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म भेड़िया ने आज यानी 13 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 50 दिन पूरे कर लिए हैं। अब दर्शक इसके ओटीटी रिलीज का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। आमतौर पर फिल्म रिलीज होने के तीन से चार हफ्ते में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आती है। रिपोर्ट के अनुसार, भेड़िया जनवरी के आखिर में ओटीटी पर दस्तक दे सकती है।

अमर कौशिक द्वारा निर्देशित भेड़िया के डिजिटल राइट्स जियो सिनेमा के पास हैं। दर्शक इस फिल्म को जियो सिनेमा पर फ्री में देख सकेंगे। हालांकि अभी आधारिक घोषणा होना बाकी है। इसके अलावा नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो भी इस फिल्म को स्ट्रीम करने के लिए आगे आ रहे हैं। करीब 60 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म भेड़िया ने भारत में 68 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। आईएमडीबी पर फिल्म को 8.9 रेटिंग मिली है।

# फिल्म पुष्पा 2 में भी दिखेंगी रश्मिका मंदाना, अभिनेत्री ने खुद किया खुलासा



दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 का फैंस काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। अब पुष्पा 2 को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। पिछले दिनों ऐसी चर्चा चल रही थी कि फिल्म में रश्मिका मंदाना की जगह साई पल्लवी ने ले ली है। हालांकि, सोमवार को अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्र आस्कमीएनिथिंग सेशन में पुष्पा 2 में अपनी उपस्थिति की पुष्टि की।

एक प्रशंसक ने रश्मिका से उनकी अगली फिल्मों के बारे में पूछा था। जिसके जवाब में अभिनेत्री ने अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए अपनी अपकमिंग फिल्मों के नाम बताए हैं, जिसमें एनिमल, मिशन मजनू, वारिसु और पुष्पा 2 शामिल हैं। ये सभी फिल्में इसी साल रिलीज होंगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप काफी सक्रिय रहेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। दिन आनंद पूर्वक बीतेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा का अवसर मिलेगा। जीवनसाथी से पूर्ण सहयोग मिलेगा। शुभ चिंतकों की सलाह पर ध्यान देना चाहिए।

**वृष :** आज आपका दिन मंगलमय होगा। सगे संबंधियों से मुलाकात हो सकती है। दिन उत्सव और आनंद में बीतेगा। शत्रुओं पर विजय कर पाएंगे। अधूरे कार्य संपन्न होंगे। कोई शुभ सूचना मन को प्रसन्न रखेगी।

**मिथुन :** आज आपका दिन बढिया रहेगा। लेखक और कलाकार अपने क्षेत्र में कुछ अलग और बेहतर कर सकते हैं। मन में कल्पना की तरंगे उठेंगी। रोमांटिक मूड में रहेंगे। लोगों से विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। आपका सम्मान और महत्व बढ़ेगा।

**कर्क :** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आपकी मन:स्थिति नकारात्मकता की ओर प्रेरित करेगी इसका ध्यान रखें । मन को सकारात्मक रखें। परिवार में आपसी तालमेल और सहयोग के लिए योगदान दें। खुद को सबल रखें।

**सिंह :** आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। नींद अच्छी आएगी। मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। धन निवेश के लिए दिन लाभकारी है। स्वयं पर विश्वास रखकर ही आज कार्यों को क्रियान्वित करें। खान-पान के मामले में संयम रखें।

**तुला :** आज आपका दिन खुशनुमा व अनुकूल रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सुबह से ही आप सक्रिय रहेंगे और काम को समय पर पूरा कर लेंगे। पारिवारिक जीवन में प्रेम और आपसी सहयोग बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। सुस्ती रहेगी, खान-पान का ध्यान रखें। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप से बचें क्योंकि आज किसी का भला करने के चक्कर में आप खुद परेशानी में आ सकते हैं। पैसों की लेन-देन से दूर रहें।

**धनु :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। दिन विशेष लाभदायी है। निवेश, व्यापार, नौकरी, शिक्षा सभी क्षेत्रों में आज लाभ के संकेत हैं। सभी कार्य समय से पूरे होंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। मान-प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा।

**मकर :** आज आपका दिन ऊर्जावान रहेगा। आप आज हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे। नौकरी में आपके उच्च अधिकारी खुश रहेंगे। कार्य की व्यस्तता रहेगी एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन भी आज आनंद में बीतेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन सही रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। पूर्वनिर्धारित कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। परिवार संग खान-पान का आयोजन हो सकता है।

**मीन :** आज आपका दिन बढिया रहेगा। आज का दिन संयम और शांति से गुजारें। किसी नए काम को शुरू करने के लिए दिन उचित नहीं है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

## बनाएं इलाहाबाद की मशहूर तहरी



अगर आप भी कुछ अलग और नया ट्राई करना चाहते हैं, तो इलाहबाद की मशहूर तहरी एक बढ़िया विकल्प है।

### सामग्री :

एक कप चावल, दो आलू, दो तेजपत्ता, एक दालचीनी का टुकड़ा, चार काली मिर्च, दो लौंग, दो बड़ी इलायची, दो छोटी इलायची, एक कटी प्याज, एक-एक चम्मच अदरक- लहसुन पेस्ट, दो कटी हरी मिर्च, एक चम्मच जीरा पाउडर, एक चम्मच धनिया पाउडर, एक चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, चुटकीभर हींग, स्वादानुसार नमक, एक गाजर, आधी गोभी, थोड़े मटर, दो चम्मच दही, हरा धनिया, दो चम्मच तेल

### विधि :

सबसे पहले एक कढ़ाई या पैन में आलू को फ्राई करने के बाद इसे अलग रख दें।

अब कुकर तेल में तेज पत्ता, दालचीनी, काली मिर्च, लौंग, काली इलायची, हरी इलायची डालकर अच्छे से भुनें।

इसके बाद इसमें कटी हुई प्याज, अदरक-लहसुन पेस्ट और हरी मिर्च डालकर अच्छे से मिला लें।

अब जीरा, धनिया पाउडर, हल्दी समेत सभी मसाले डालकर अच्छे से पकाएं।

इसके बाद इसमें कटी हुई गाजर, फूल गोभी, मटर, आलू, दही डालकर भुन लें।

अब इसमें चावल और जरूरत के मुताबिक पानी डालकर 2-3 सीटी आने तक पकाएं।

अंत में धनिया पत्ती से इसे गार्निश कर गर्मा गर्म सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 313

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 312 का हल



## सू-दोकू- 313

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.312 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |